एक नजर में

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक सोच का आह्वान

शुजालपुर। भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय गौलाना में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना रहा, समारोह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विद्या शंकर विभूति द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. इसके बाद वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को विज्ञान के विविध आयामों से अवगत कराया गया. प्रमुख वक्ता जीवनलाल शर्मा ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन एवं योगदान पर विस्तार से चर्चा की, उन्होंने बताया कि महाकाल में वैदिक घड़ी और मुख्य पुजारी, ज्योतिषाचार्य तथा पंचांगकर्ता पं. आनंद शंकर व्यास के मतानुसार व महाकाल मंदिर की परंपरानुसार नगर में भी 2 मार्च को होलिका पूजन व दहन होगा, वहीं 3 मार्च को नगर में धुलेंडी पर्व मनाया जाएगा. इस निर्णय को लेकर बैठक में उपस्थित सभी समाज के प्रमुखों, नगर के होली उत्सव समिति पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने सहमति दी। वहीं धुलेंडी पर्व पर निकलने वाली सभी समाजों की पारंपरिक गैर को लेकर भी निर्णय लिया गया कि सभी गेर का समापन आजाद चौक में किया जाएगा। वहीं रंगपंचमी पर निकलने वाली फाग यात्रा भी इस वर्ष भी अपने परंपरागत रुट पर निकाली जाएगी।

श्री खाटूश्याम मंदिर के शनि धाम में भव्य फाग उत्सव

शुजालपुर। फाल्गुन माह के आगमन के साथ नगर के मंदिरों में फाग उत्सव की धूम मची हुई है. फाल्गुन एकादशी के पावन अवसर पर सिद्ध शनि देव धाम स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर शनि धाम अकोदिया में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार भव्य फाग उत्सव मनाया गया. इस अवसर पर बाबा का मनमोहक श्रृंगार किया गया. एकादशी के चलते सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा. दोपहर 12 बजे भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर ज्योत प्रज्वलित की गई तथा भोग आरती उतारी गई. कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने लड्डू गोपाल को पुष्प एवं गुलाल अर्पित किया. श्रीकृष्ण-राधा के स्वरूप में सजे बच्चों के साथ महिलाओं ने फाग गीतों पर जमकर नृत्य किया और उत्सव का आनंद लिया. मंदिर परिसर भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया. एकादशी के अवसर पर नगर सहित अकोदिया गांव, फुलेन, कोहलिया, चापड़िया, अजनई, भोगीपुर सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. भक्तों ने भजन-कीर्तन किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. श्री खाटूश्याम की महाआरती उतारी गई, आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

कायाकल्प फाइनल असेसमेंट के लिए सिविल अस्पताल में पहुंची टीम ने किया निरीक्षण

शुजालपुर। सिविल अस्पताल शुजालपुर में शनिवार को कायाकल्प फाइनल असेसमेंट के तहत निरीक्षण टीम पहुंची. टीम में डॉ. गोपाल कटारे एवं डॉ. स्नेहल वर्मा शामिल रहे, जिन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का विस्तृत निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान विभागीय व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण, साफ.-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निष्पादन, पेयजल व्यवस्था तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच की गई. टीम ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए. इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारदा रामसरिया, डॉ. रामसलोने मिश्रा, कायाकल्प नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कराडा सहित समस्त नर्सिंग ऑफिसर एवं अस्पताल के कर्मचारियों का सहयोग रहा. अस्पताल प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि टीम द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो.

पांचाल विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

शाजापुर। भाजपा में संगठनात्मक नेतृत्व के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ समाजसेवी अशोक पांचाल को अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है. उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से विश्वकर्मा समाज सहित समस्त पिछड़ा वर्ग समाज में हर्ष व्याप्त है. पांचाल पूर्व में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वर्तमान में पिछड़ा वर्ग महापंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय दायित्व निभा रहे हैं. संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कर्मठता और समाज सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है. समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने इसे विश्वकर्मा समाज के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि पांचाल के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा तथा समाज को संगठित, सशक्त और जागरूक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य होंगे. नियुक्ति की घोषणा के पश्चात मित्रगण, समाजजन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने पांचाल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

एचबीएनसी और एचबीवायसी का प्रशिक्षण आयोजित

शाजापुर। कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जनपद शुजालपुर के सभाकक्ष में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का एचबीएनसी और एचबीवायसी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया. उक्त प्रशिक्षण बीएमओ डॉ. महेंद्र परमार, बीपीएम कमलेश सोनानिया बीसीएम ने दिया।

महाकाल की तर्ज पर शाजापुर में होलिका पूजन कल

धुलंडी पर्व मनाया जाएगा 3 को, सर्व हिंदू उत्सव समिति की बैठक में लिया निर्णय

शाजापुर। श्री कृष्ण व्यायामशाला में शनिवार को सर्व हिंदू उत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि इस वर्ष शाजापुर में महाकाल मंदिर उज्जैन की परंपरानुसार 2 मार्च को होलिका पूजन व दहन किया जाएगा. इसके बाद 3 मार्च को धुलंडी पर्व मनाया जाएगा. इस निर्णय का सभी ने स्वागत करते हुए अपनी सहमति दी. साथ ही बैठक में पर्व को लेकर अन्य निर्णय भी लिए गए.

श्रीकृष्ण व्यायामशाला में आयोजित बैठक में सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर ने बताया कि महाकाल में वैदिक घड़ी और मुख्य पुजारी, ज्योतिषाचार्य तथा पंचांगकर्ता पं. आनंद शंकर व्यास के मतानुसार व महाकाल मंदिर की परंपरानुसार नगर में भी 2 मार्च को होलिका पूजन व दहन होगा, वहीं 3 मार्च को नगर में धुलेंडी पर्व मनाया जाएगा. इस निर्णय को लेकर बैठक में उपस्थित सभी समाज के प्रमुखों, नगर के होली उत्सव समिति पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने सहमति दी। वहीं धुलेंडी पर्व पर निकलने वाली सभी समाजों की पारंपरिक गैर को लेकर भी निर्णय लिया गया कि सभी गेर का समापन आजाद चौक में किया जाएगा। वहीं रंगपंचमी पर निकलने वाली फाग यात्रा भी इस वर्ष भी अपने परंपरागत रुट पर निकाली जाएगी।

फाग यात्रा में इस बार शामिल होंगे डीजे

बैठक में फाग यात्रा को लेकर भी चर्चा की गई, जिसमें इस बार डीजे को शामिल न किए जाने को लेकर चर्चा की गई। सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फागयात्रा में डीजे को शामिल नहीं किया जाएगा। इस निर्णय की सभी ने सराहना करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया. बैठक में मुख्य अतिथि श्री कृष्ण व्यायामशाला के ट्रस्टी तुलसीराम भावसार थे तथा अध्यक्षता सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं .आशीष नागर ने की. बैठक में विषय प्रस्तावना सर्व हिन्दू उत्सव समिति महासचिव मनीष सोनी ने प्रस्तुत की. इस अवसर पर धर्मेन्द्र प्रजापति, होली उत्सव समिति संयोजक पं. गोविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, सह संयोजक जीत पारछे, दीपक निगम, राजेश बंजारा, जीवनसिंह गुर्जर, महेश प्रजापति, अनिल मालवीय, मंगल नाहर, सर्व हिन्दू उत्सव समिति उपाध्यक्ष विकास सिंदल, अर्जुन चौधरी, बालकृष्ण यादव, मनोहरलाल राय, संजय सोनी, हरीश सहगल, अजय गोस्वामी, ललित आंवले, आशीष सोनी, जयेश सोनी, अशोक राठौर, नरेंद्र जायसवाल, बाबूलाल कल्मोदिया, नीलेश वर्मा, नरेंद्र प्रजापति, महासचिव सत्या वात्रे, मुकेश दुबे, ऋषिराज गोयल, हर्ष व्यास, अतुल पालीवाल, पीयूष भावसार, नितिन परमार, संदीप गुर्जर, पवन नरवले, अजय भैरवे, सोमनाथ राठौर, जीत पारछे, लक्की प्रजापत आदि एवं विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न मोहल्लो की होली उत्सव समितयों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन अजय शर्मा ने किया तथा आभार होली उत्सव समिति सचिव अंकित अंबावतिया ने माना।

होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपले-गौकाष्ठ का करें इस्तेमाल

सोयतकलां। राज्य शासन द्वारा इस वर्ष होली का पावन पर्व पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

कलेक्टर प्रीति यादव ने जिले नागरिकों से अपील है कि आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे, सामाजिक एकता और हर्षोल्लास के साथ होली का उत्सव मनाएं. होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपले एवं गौकाष्ठ का उपयोग किया जाए, ताकि वनों की कटाई पर रोक लगे और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले. साथ ही प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, पानी की बचत करने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने का संकल्प लें और हुड़दंग से दूर रहकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाएं।

जिला स्तरीय सम्मान समारोह...

राज्य शासन के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि पर सभी जिला मुख्यालयों में जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। इनमें गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन आयोजित करने वाली संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री की ओर से तैयार पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे. भविष्य में ऐसी संस्थाओं को अन्य प्रकार से भी प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा।

मैदानी निरीक्षण और प्रमाणीकरण

होलिका दहन के दिन मैदानी अमले द्वारा सार्वजनिक आयोजनों का भ्रमण किया जाएगा तथा जलाऊ एवं इमारती लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित किया जाएगा. आयोजन पूर्ण रूप से गौकाष्ठ आधारित होने पर संबंधित नगरीय एवं ग्रामीण अधिकारी-कर्मचारी आगामी दो-तीन दिवस में प्रमाणीकरण कर जिला कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जिला कलेक्टर द्वारा ऐसे आयोजनों का सूचीकरण किया जाएगा।

नि:शुल्क पंजीयन की व्यवस्था...

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में आयोजित होने वाले सभी सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का नि:शुल्क पंजीयन कराया जाएगा। यह पंजीयन जिला मुख्यालय पर पंचायतों के माध्यम से तथा तहसील एवं नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकायों द्वारा पूर्णत: नि:शुल्क किया जाएगा। पंजीयन के समय आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी, पदाधिकारियों के नाम एवं संपर्क नंबर प्राप्त किए जाएंगे. जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक संस्थाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा।

शुजालपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर क्विज, वाद-विवाद प्रतियोगिता

शुजालपुर। जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में साइंस क्विज, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया, कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विज्ञान के विभिन्न आयामों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि सोचने और समझने की प्रक्रिया है, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत डॉ. आनंद अजनोदिया ने भारतीय विज्ञान एवं विकसित भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक उपलब्धियों और आधुनिक भारत के नवाचारों के समन्वय पर प्रकाश डाला।

साइंस क्विज प्रभारी डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने बताया कि प्रतियोगिता में विज्ञान के सभी विषयों से संबंधित प्रश्न शामिल किए गए थे, क्विज का संचालन ऑनलाइन माध्यम से किया गया, जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं एक साथ विभिन्न स्थानों से सहभागिता कर सके. विद्यार्थियों ने क्विज की पारदर्शी और तकनीकी व्यवस्था की सराहना की. भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय भारत में विज्ञान एवं नवाचार रहा. इस विषय पर छात्र-छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में तार्किक विचार प्रस्तुत किए. प्रतियोगिता में देवकीनंदन, नैंसी यादव, अनिल मालवीय, बुलबुल परमार और दिव्यांशी दांगी ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम में प्राणी शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान, भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे, आयोजन मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के तत्वावधान में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समन्वयक डॉ. मुकेश मेवाड़ा तथा आभार डॉ. सुनील मेवाड़ा ने माना, इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ना सरकार का संकल्प है

दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण चयन के लिए परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन

शुजालपुर, 28 फरवरी. मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय और समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उनके पुनर्वास के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण और परामर्श शिविर का आयोजन जेएनएस शासकीय महाविद्यालय शुजालपुर में किया गया.

प्रदेश के उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा तथा आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि दिव्यांगजनों को कोई न कोई रोजगार प्रदान करवाना सरकार का उद्देश्य है. उन्होंने मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय को रोजगारपरक शिक्षा देने के लिए निर्देशित भी किया. मंत्री परमार ने कहा कि दिव्यांगजनों को अपनी इच्छा शक्ति प्रबल रखनी चाहिए. हम उन्हें ऐसे छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रशिक्षित करना चाहते हैं, जिससे वह कुछ रोजगार पा सकें और उनके मन में यह भावना आए कि मैं परिवार पर बोझ नहीं हूं. बल्कि उनके मन में यह विश्वास हो कि मैं भी कुछ कर सकता हूं. अपने परिवार को संबल दे सकता हूं. मंत्री परमार ने कहा कि इस प्रकार का एक छोटा सा प्रयास सरकार के द्वारा आज शुजालपुर में कर रहे हैं. यह प्रयास एक सेवा है, हमारी जिम्मेदारी है. इस शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों का परीक्षण कर प्रमाण पत्र देना, उनको सहायता उपकरण उपलब्ध करवाने का कार्य न केवल भारत सरकार करती है, बल्कि हमारी मध्य प्रदेश सरकार भी करती है. मंत्री ने महाविद्यालय में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर दिव्यांगजनों एवं विशेषज्ञों से चर्चा की तथा दिव्यांगजनों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और उन समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.

कार्ड बनाने के लिए होगा रजिस्ट्रेशन

कार्यक्रम के पूर्व में मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के सामाजिक विशेष शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. हेमंत सिंह केशवाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. उन्होंने बताया कि शिविर में सहायक उपकरणों के लिए रजिस्ट्रेशन होगा तथा जिनके विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र नहीं बना है, उनका परीक्षण कर कार्ड बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाएगा. शिविर में चिन्हांकित किए गए दिव्यांगजनों को अगले शिविर में सहायक उपकरण प्रदान किए जाने का प्रयास किया जाएगा.

40 दिव्यांगजनों को उपकरण के लिए चिन्हित किया

इस शिविर में दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास पर विशेष सत्र आयोजित किया गया. इसी प्रकार दिव्यांगजनों को शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के संबंध में भी एक सत्र रहा. एक अन्य सत्र में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 पर विस्तार से समझाया गया. शिविर में 36 दृष्टिबाधित, 64 श्रवण बाधित, 68 शारीरिक दिव्यांगता, 25 बौद्धिक दिव्यांगता आदि इस प्रकार कुल लगभग 193 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया तथा लगभग 40 दिव्यांगजनों को उपकरण प्रदान हेतु चिन्हित किया गया.

शाजापुर के कई क्षेत्रों में आज 11 बजे से बंद रहेगी बत्ती

शाजापुर। विद्युत विभाग द्वारा जिले के उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि लालघाटी उपकेंद्र से निर्गमित 11 केवी जेल फीडर 1 मार्च को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगा. विद्युत विभाग द्वारा 11 केवी न्यू इमर्जेंसी फिडर कार्य किया जाना है, जिसके चलते शाजापुर शहर के हाऊसिंग बोर्ड, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जिला पंचायत कार्यालय, जिला जेल, डाइट कॉलेज, लॉ कॉलेज, संदीपनी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय स्कूल आदि क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

छुट्टी के दिन भी रहेंगे रजिस्ट्रार ऑफिस

सोयतकलां। शासन के पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के लिए माह मार्च शासन के राजस्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होने से प्रदेश के जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुए माह मार्च 2026 में होली का अवकाश छोड़कर शेष समस्त सार्वजनिक अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) जिले में जिला पंजीयक एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालय शासकीय एवं पंजीयन कार्य के लिए खुले रहेंगे।

एक नजर में

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विशेष व्याख्यान में बोले प्रो. मिश्रा

विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर रखे विचार

शाजापुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीके एसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर के विज्ञान क्लब व भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर निर्माण, विज्ञान क्विज व विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

विज्ञान दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर हुआ। अध्यक्षता कर रहे डॉ. एसके तिवारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य लक्ष्य समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशीलता व नवाचार की भावनाओं को बढ़ावा देना है। विज्ञान दिवस भारत के महान वैज्ञानिक सर सीवी रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव की स्मृति में मनाया जाता है. हर वर्ष यह नई थीम पर मनाया जाता है। व्याख्यान के विशेष वक्ता के रूप में प्रो. सर्वेश मिश्रा, एलएनसीटी कॉलेज इंदौर ने विकसित भारत 2047 के संदर्भ में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार रखें. पोस्टर निर्माण में कई विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की व विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में महिला वैज्ञानिकों की भूमिका थीम पर सुन्दर व आकर्षक पोस्टर बनाएं. क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को पांच ग्रुप में बाटा गया, जिसमें दीपक चौघटिया, विकास मालवीय, रोहित सोनगरा की टीम प्रथम रही. संचालन डॉ. सचिन कवठेकर ने किया. आभार रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने माना. कार्यक्रम में विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. अनिता यादव, डॉ. वीपी मीणा, डॉ. बीएल मालवीय, डॉ. राजीव कुमार शर्मा, प्रो. अरविंद शर्मा, डॉ. बीके सोलंकी, डॉ. उत्तम उपाध्याय, डॉ. रोहित गोड़, डॉ. गोविंद सिंह चन्द्रावत, प्रो. निर्मला गेहलोत, डॉ. रानी सोनी सहित समस्त स्टॉफ सदस्य व बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में भी आयोजन

किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में 28 फरवरी को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया. अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. मूंदड़ा ने कहा कि विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना और लोगों को विज्ञान के नवाचार के प्रति सजक बनाना है. डॉ. रितेश महाडिक ने वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार पर प्रकाश डाला. इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की उत्प्रेरक पर केंद्रित है. यह विषय वैज्ञानिक प्रगति को महिला शोधकर्ताओं एवं नव प्रवर्तकों की भूमिका को दर्जा देता है. संचालन एवं आभार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संदीप कुमार सिंह ने माना. इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक सुश्री सोनू कनेश, यतीश धाकड़, डॉ. कपिल जाटव, श्रीमती दीपिका गुप्ता, आदित्य सक्सेना, शंकरलाल कुशवाह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

विज्ञान दिवस पर 3 दिवसीय गतिविधियों का समापन

शाजपुर। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को पूरे भारत में मनाया जाता है. इसमें विज्ञान की कई गतिविधियों का आयोजन किया जाता है. मध्यप्रदेश विज्ञान एवं तकनीकी परिषद भोपाल के सहयोग से मां उमिया ज्ञानपीठ स्कूल शाजापुर में विज्ञान विषय पर रंगोली, पोस्टर और मॉडल प्रतियोगिता 26 से 28 फरवरी तक आयोजित की गई. समापन कार्यक्रम विद्यालय में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार मंडलोई पूर्व प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर, विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश पाटीदार शिक्षक एवं लेखक वैज्ञानिक दृष्टिकोण पुस्तक, पूजा हरियाल शिक्षिका व अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य राधेश्याम गोठी ने की। कार्यक्रम में गतिविधियों की जानकारी कार्यक्रम समन्वयक प्रदीप कुमार जायसवाल ने दी एवं कार्यक्रम का संचालन दीपक कलजोरिया ने किया. विद्यार्थियों को अतिथियों ने विज्ञान दिवस एवं विज्ञान विषय पर संबोधित किया। प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया. इस अवसर पर विद्यालय साइंस टीम को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में पोस्टर का प्रदर्शन और विभिन्न विषयों पर छात्राओं द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया।